उपस्थित थे।

# मेवाड विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर 22 व 23 को

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला रोजगार कार्यालय, मेवाड़ विश्व विद्यालय, जिला उद्योग केन्द्र, एवं आईटीआई आर.एस.एल.डी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में 2 दिवसीय कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन मेवाड़ विश्व विद्यालय में किया जाएगा।

इसमें विभिन्न कंपनियों प्रतिष्ठानों द्वारा आशार्थियों का रोजगार प्रदान करने के लिए चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी आलोक शुक्ला ने बताया कि इस शिविर में 22 अगस्त को प्रात: 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक नियोक्ता सीएट टायर्स हॉलोल नेर, बड़ौदा द्वारा आशार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए पॉलोटेक्नीक डिप्लोमा इन मैकेनिकल इलेक्ट्रीकल इलेक्ट्रोनिक्स ऑटोमोबाईल में पास 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग एवं पुरुष आशार्थी जिनकी ऊँचाई कम से कम 5 फीट 2 इंच और वजन 50 किलोग्राम एवं महिला आशार्थी ऊँचाई कम से कम 5 फीट और वजन 45 किलोग्राम होना अनिवार्य है। उपस्थित इच्छुक एवं योग्य आशार्थी का साक्षात्कार लोकर रोजगार का प्रारम्भिक अवसर प्रदान किया जाएगा। इसी स्थल पर अगले दिन 23 अगस्त को प्रात: 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक नियोक्ता एमएसएस इण्डिया प्रा.लि. नासिक द्वारा आशार्थियों का चयन किया जाएगा।

# कैम्पस प्लेसमेंट शिविर 22 व 23 को

चित्तौड़गढ़ | जिला रोजगार कार्यालय एवं मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार व चित्तौड़गढ़ (अन्य सहभागी जिला उद्योग केन्द्र, आईटीआई एवं आरएसएलडीसी) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन मेवाड़ विश्व विद्यालय गंगरार में किया जाएगा। इसमें विभिन्न कंपनियों/प्रतिष्ठानों द्वारा आशार्थियों का रोजगार प्रदान करने के लिए चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी आलोक शुक्ला ने बताया कि इस शिविर में गुरुवार सुबह साढे दस से शाम पांच बजे तक होगा।